[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No..............**

**Sr. No. of Question Paper : 10725** **L**

Unique Paper Code : 2412082403

Name of the Paper : International Business

Name of the Course : **B.Com. (H) – UGCF – DSC**

Semester : IV

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 90**

**Instructions for Candidates**

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **all** the questions.
3. Part of the questions to be attempted together.
4. **All** questions carry equal marks.
5. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
3. प्रश्न के सभी भागों को एक साथ कीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

1. (a) "Globalisation rewards firms that understand local emotions better than global spreadsheets." Illustrate the statement in the context of types of globalisation. (9)

(b) Explain the merits and demerits of the different modes of entry in international business. Give suitable examples. (9)

**OR**

(c) What is meant by the internationalisation process? Compare various managerial orientations toward internationalisation. (9)

(d) Identify the mode of entry suitable in the cases mentioned below. Also, briefly mention the advantages and disadvantages of the mode of entry suggested by you in each case.

(i) A small Indian textile manufacturer wants to expand to Europe but has limited capital and no prior international experience.

(ii) An Indian online tutoring company partners with a South African school network to co-deliver classes and content.

(iii) A German chemical manufacturer is exploring international expansion and values full control over technology and operations. (3×3=9)

2. (a) 'In Asia, politics decides; in Europe, economics decides.' Critically evaluate the statement with recent examples. (18)

**OR**

(b) "Political Environment decides if you can enter, Economic if you should enter, Cultural if you will survive, Legal if you can exit." Illustrate the statement and critically examine it. (18)

3. (a) Discuss the Leontief Paradox and the Theory of National Competitive Advantage. (12)

(b) "Tariffs don't stop trade, they reroute it." Substantiate this statement in the context of the oil tariffs at the global economy level. (6)

**OR**

(c) "Today's exporter is tomorrow's importer. Innovation is temporary, imitation is permanent." Critically evaluate this statement with examples in the context of the product life cycle. Illustrate it with an example and a diagram. (12)

(d) What are the different components of the balance of payments? (6)

4. (a) "Free trade is like oxygen, you notice only when gone." Explain the statement, emphasising the various phases of regional economic integration and provide relevant examples. (12)

(b) What is the Association of Southeast Asian Nations (ASEAN)? Explain its objectives. (6)

**OR**

(c) "If WTO writes trade rules, IMF pays the bills, World Bank builds the roads." Critically examine the functions and importance of these institutions in times of the emergence of other institutions like the BRICS nations' New Development Bank, etc. (18)

5. Write short notes on any **three** of the following :

(a) USMCA

(b) BPO vs KPO (with examples)

(c) BREXIT

(d) MNCs' initiatives to achieve environmental sustainability

(e) Purchasing Power Parity (6×3=18)

1. (क) "वैश्वीकरण उन फर्मों को पुरस्कृत करता है जो वैश्विक स्प्रेडशीट की तुलना में स्थानीय भावनाओं को बेहतर समझती हैं।" वैश्वीकरण के प्रकारों के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए। (9)

(ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रवेश के विभिन्न तरीकों (Modes of Entry) के गुण और दोषों की व्याख्या कीजिए। उपयुक्त उदाहरण दीजिए। (9)

अथवा

(ग) अंतर्राष्ट्रीयकरण प्रक्रिया (Internationalisation process) से क्या तात्पर्य है? अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रति विभिन्न प्रबंधकीय दृष्टिकोणों (Managerial Orientations) की तुलना कीजिए। (9)

(घ) नीचे दिए गए मामलों में उपयुक्त प्रवेश के तरीके (Mode of Entry) की पहचान करें। साथ ही, प्रत्येक मामले में आपके द्वारा सुझाए गए तरीके के लाभों और नुकसानों का संक्षेप में उल्लेख करें।

(i) एक छोटा भारतीय कपड़ा निर्माता यूरोप में विस्तार करना चाहता है लेकिन उसके पास सीमित पूंजी है और कोई पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अनुभव नहीं है।

(ii) एक भारतीय अण्नलाइन ट्यूटरिंग कंपनी कक्षाओं और सामग्री को सह-वितरित (Co-deliver) करने के लिए दक्षिण अफीकी स्कूल नेटवर्क के साथ साझेदारी करती है।

(iii) एक जर्मन रसायन निर्माता अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की खोज कर रहा है और तकनीक एवं संचालन पर पूर्ण नियंत्रण चाहता है। (3×3=9)

2. (क) 'एशिया में, राजनीति निर्णय लेती है; यूरोप में, अर्थशास्त्र निर्णय लेता है।' हाल के उदाहरणों के साथ इस कथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। (18)

अथवा

(ख) "राजनीतिक वातावरण तय करता है कि क्या आप प्रवेश कर सकते हैं, आर्थिक वातावरण तय करता है कि क्या आपको प्रवेश करना चाहिए, सांस्कृतिक वातावरण तय करता है कि क्या आप जीवित रहेंगे, कानूनी वातावरण तय करता है कि क्या आप बाहर निकल सकते हैं।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए और इसका समालोचनात्मक विवेचन कीजिए। (18)

3. (क) लियोन्टिफ विरोधाभास (Leontief Paradox) और राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के सिद्धांत (Theory of National Competitive Advantage) पर चर्चा कीजिए। (12)

(ख) "टैरिफ (शुल्क) व्यापार को नहीं रोकते, वे इसे नया रास्ता देते हैं।" वैश्विक अर्थव्यवस्था के स्तर पर तेल शुल्क (Oil tariffs) के संदर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए। (6)

अथवा

(ग) "आज का निर्यातक कल का आयातक है। नवाचार अस्थायी है, नकल स्थायी है।" उत्पाद जीवन चक्र (Product Life Cycle) के संदर्भ में उदाहरणों के साथ इस कथन का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। इसे एक उदाहरण और चित्र (Diagram) के साथ स्पष्ट कीजिए। (12)

(घ) भुगतान संतुलन (Balance of Payments) के विभिन्न घटक क्या हैं? (6)

4. (क) "मुक्त व्यापार ऑक्सीजन की तरह है, इसके जाने पर ही इसका अहसास होता है।" क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण (Regional Economic Integration) के विभिन्न चरणों पर जोर देते हुए इस कथन की व्याख्या कीजिए और प्रासंगिक उदाहरण प्रदान कीजिए। (12)

(ख) दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) क्या है? इसके उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। (6)

अथवा

(ग) "यदि डब्ल्यूटीओ व्यापार नियम लिखता है, IMF बिलों का भुगतान करता है, तो विश्व बैंक सड़कों का निर्माण करता है।" ब्रिक्स देशों के न्यू डेवलपमेंट बैंक आदि जैसे अन्य संस्थानों के उदय के समय इन संस्थानों के कार्यों और महत्व का समालोचनात्मक विवेचन कीजिए। (18)

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (6×3=18)

(क) USMCA (यूएस-मेक्सिको-कनाडा समझौता)

(ख) बीपीओ बनाम केपीओ (उदाहरणों सहित)

(ग) BREXIT (ब्रेक्सिट)

(घ) पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों (MNCs) की पहल

(ङ) क्रय शक्ति समानता (Purchasing Power Parity)